5 तस्करी और शोषण

स्क्रीनिंग साक्षात्कार में शोषण के बारे में बात करना

UK

स्क्रीनिंग साक्षात्कार (दि लिटल इंटरव्यू) आमतौर पर आपके यूके पहुँचने के कुछ ही समय बाद कर लिया जाता है। कभी-कभी यह उसी दिन हो जाता है जिस दिन आप पहुँचे हैं। आप थके हुए और परेशान हो सकते हैं। बहुत से लोगों को साक्षात्कार से पहले वकील से बात करने का अवसर नहीं मिल पाता। आप तैयार रहिए। यदि आप इतने अस्वस्थ हैं कि साक्षात्कार नहीं दे सकते तो पहले ही बता दें।

लिटल इंटरव्यू के दौरान आपसे पूछा जाएगा कि क्या आप "शोषण का शिकार" हुए हैं। **यह बहुत महत्वपूर्ण है कि आप स्क्रीनिंग इंटरव्यू में साक्षात्कारकर्ता को अपने साथ हुए किसी भी शोषण के बारे में बताएं।**

शोषण का शिकार होने का क्या अर्थ है?

शोषण का अर्थ है किसी के द्वारा निजी लाभ के लिए आपका फायदा उठाना.

शोषण के कुछ उदाहरण हैं:

- आपके ना चाहने पर भी आपको किसी के साथ यौन सम्बन्ध के लिए मजबूर किया गया
- आपको किसी के लिए बिना पैसे या अनुचित वेतन पर काम करने के लिए मजबूर किया गया, जैसे किसी खेत पर, किसी कारखाने में, या नौकर के रूप में
- आपको कुछ अवैध काम करने के लिए मजबूर किया गया है, जैसे ड्रग्स ले जाना
- आपने किसी ऐसे व्यक्ति के साथ यात्रा की जो आपको कुछ करने या आपके चाहने पर भी जाने की आजादी नहीं दे रहा है
- आपको किसी के द्वारा धमकी दी गई, जिसका कहना है कि यदि आपने उनकी बात नहीं मानी तो वे आपको रिपोर्ट कर देंगे।
- आपका पासपोर्ट किसी ऐसे व्यक्ति ने छीन लिया है जो आपको उन्हें छोड़कर जाने से रोकने की कोशिश कर रहा था

साक्षात्कारकर्ता को अपने शोषण के बारे में बताना

जब साक्षात्कारकर्ता आपसे पूछे कि क्या आप शोषण का शिकार हुए हैं, तो आपको उन्हें बताना चाहिए कि यात्रा शुरू करने से पहले या यात्रा के दौरान आपका शोषण कब हुआ है। वे आपसे यह सिर्फ़ एक बार पूछेंगे, **इसलिए यह ज़रूरी है कि आप ज़्यादा से ज़्यादा जानकारी दें।**

अच्छी तरह दिए गए जवाब से इन सभी प्रश्नों के जवाब मिल जाएंगे:

- आपके साथ क्या हुआ, और उससे आपको कैसा महसूस हुआ?
- और कौन शामिल था?
- जब यह हुआ तो आप कहाँ थे?
- यह कब तक चला?

साक्षात्कारकर्ता को यह बताना क्यों ज़रूरी है कि आपका शोषण हुआ है?

जितनी जल्दी हो सके साक्षात्कारकर्ता को यह बताना ज़रूरी है कि आपका शोषण हुआ था। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह जानकारी आपको यह समझाने में मदद कर सकती है कि आपके लिए ब्रिटेन में शरण लेना इतना महत्वपूर्ण क्यों है।

यदि स्क्रीनिंग साक्षात्कारकर्ता को लगता है कि आपका जो शोषण हुआ वह एक प्रकार की "तस्करी" है, तो वे आपको **नेशनल रेफरल मेकैनिज़्म** के पास भेज देंगे। आप इस कागज के दूसरी तरफ नेशनल रेफरल मेकैनिज़्म के बारे में और जानकारी ले सकते हैं।

क्या साक्षात्कारकर्ता को यह बताने के बाद हिरासत में लिया जा सकता है कि मेरा शोषण हुआ है ?

भले ही आप साक्षात्कारकर्ता को बता दें कि आपका शोषण किया गया है, फिर भी आपको हिरासत में लिया जा सकता है।

अगर आपको हिरासत में लिया जाता है, तो यह बहुत ज़रूरी है कि आप डिटेन्शन सेंटर में मौजूद लोगों को बताएं कि आपका शोषण किया गया है। आपको जल्द से जल्द किसी वकील से बात करने की कोशिश भी करनी चाहिए। ऐसा इसलिए है क्योंकि शोषण का आपका अनुभव आपको विशेष रूप से खतरे में डाल सकता है।

5 तस्करी और शोषण

नेशनल रेफरल मेकैनिज़्म

UK

नेशनल रेफरल मैकेनिज्म (एनआरएम) प्रक्रिया के माध्यम से सुरक्षा मांगना एक और तरीका है शरण का दावा करके यूके में इमिग्रेशन की स्थिति पाने का।
आधुनिक दासता या मानव तस्करी के शिकार कई लोगों का एनआरएम एप्लीकेशन और शरण का दावा (एसाइलम क्लेम) एक ही साथ हो सकता है - लेकिन ये दोनों एक ही चीज नहीं हैं।

नेशनल रेफरल मैकेनिज्म क्या है?

नेशनल रेफरल मैकेनिज्म (या संक्षेप में एनआरएम) यूके में एक ऐसा तरीका है, जो तस्करी के शिकार लोगों की मदद करता है।
आपकी **तस्करी** की गई होगी, जब:

- एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए किसी ने आपकी मदद की हो या आपको मजबूर किया हो
- इस दौरान, उस व्यक्ति ने आपको नियंत्रित किया हो, उदाहरण के लिए, यह कहकर कि अगर आप उनकी बात नहीं मानेंगे, तो वे आपको नुकसान पहुँचाएँगे
- आपको नियंत्रित करने वाला व्यक्ति आपका शोषण कर रहा है या करना चाहता है।

मैं एनआरएम तक कैसे पहुँचूँ?

आप खुद को NRM के पास नहीं जा सकते। केवल कोई ‘फर्स्ट रिसपोंडर’ कहलाने वाला ही आपको यहाँ भेज सकता है। यह पुलिस, स्थानीय सरकार या साल्वेशन आर्मी नामक चैरिटी हो सकती है।

यदि आप स्क्रीनिंग साक्षात्कारकर्ता को बताते हैं कि आपका शोषण किया गया है, तो उन्हें फर्स्ट रिसपोंडर को बताना चाहिए, और फर्स्ट रिसपोंडर से एनआरएम को रेफर करने के लिए कहना चाहिए। यदि **स्क्रीनिंग साक्षात्कारकर्ता आपको एनआरएम के पास रेफर नहीं करते हैं, तो आपको जल्द से जल्द अपने केसवर्कर को बताना चाहिए**, और उनसे फर्स्ट रिसपोंडर से संपर्क करने के लिए कहना चाहिए।

क्या मेरा एनआरएम केस और एसाइलम केस एक ही हैं?

आपका एसाइलम क्लेम और एनआरएम केस अलग-अलग हैं। यानी आपके एनआरएम केस के सफल हो जाने से आपको अपने आप शरण नहीं मिल जाएगी।
लेकिन एक सफल एनआरएम केस का इस्तेमाल आपके एसाइलम क्लेम में सबूत के तौर पर किया जा सकता है, खासकर अगर शोषण का आपका अनुभव उन कारणों में से एक है जिसके कारण आप अपना घर छोड़कर यूके चले गए।

एनआरएम प्रक्रिया कैसी होती है?